# Greenlawns School - Worli

**Final Examination - 2016**

कक्षा :- छठीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- २२/०२/16 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अप्रेक्षित हैं ।

22

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग (अंक - 40)

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (8)

i. एक शहीद की आत्मकथा

ii. महाराष्ट्र की राजधानी : मुंबई

iii. मेरा एक अनोखा सपना

प्रश्न 2) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

दो भिखारी -- एक अंधा -- दूसरा लँगड़ा -- दोनों काम करने में असमर्थ -- दोनों का मिलना -- लँगड़े का अंधे के कंधे पर बैठना -- दोनों को लाभ -- बोध ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित अर्थग्रहण को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (7)

पुराने जमाने की बात है । किसी नगर में दो स्त्रियाँ पास - पड़ोस में रहती थीं । उनमें एक स्त्री बड़ी चालाक और झगड़ालू थी । उसके एक भी संतान नहीं थी । दूसरी स्त्री बड़ी सरल और प्रेमी स्वभाव की थी । उसके /उसका एक बेटा था । नि:संतान स्त्री संतान वाली स्त्री से बहुत ईर्ष्या करती थी, पर उसका वह क्या बिगाड़ सकती थी ? एक बार संतान वाली स्त्री बच्चे

---

को छोड़कर बाहर गई। मौका पाकर नि:संतान स्त्री ने बच्चे को पालने में से चुरा लिया। फिर वह फ़ौरन शहर के दुसरे मुहल्ले में रहने चली गई। किसी को कुछ भी पता न चला।

बच्चे के गुम हो जाने पर बच्चे की माँ बहुत दु:खी हुई। उसने किसी तरह चोर पड़ोसिन का पता लगाया और उसके पास जाकर अपना बच्चा माँगा तो उसने कहा, "यह मेरा बेटा है, मैं न दूँगी, जो चाहे कर लो।" दोनों में खूब झगड़ा हुआ।

आखिर दोनों स्त्रियाँ न्यायाधीश के पास पहुँचीं। न्यायाधीश को अपना हाल सुनाकर दोनों ने पूछा, " अब संतान किसकी? बेटे पर दोनों का एक-सा दावा देखकर न्यायाधीश के लिए फ़ैसला देना कठिन हो गया। कुछ देर बाद उसने सिपाही को आज्ञा दी, "इस बच्चे के दो बराबर टुकड़े करो और एक-एक भाग दोनों में बाँट दो।"

न्यायाधीश की आज्ञा सुनकर नि:संतान स्त्री तो चुपचाप खड़ी रही, पर दूसरी जो बच्चे की असली माँ थी, चिल्ला उठी, "हुजूर, आप बच्चे को मारिए मत। चाहें तो उसे ही सौंप दीजिए। इस तरह मेरा बेटा जीवित तो रहेगा।"

चतुर न्यायाधीश फ़ौरन समझ गया कि दोनों में से असली माँ कौन-सी है। उसने असली माता को उसका बच्चा दिलवा दिया।

सच्चा प्रेम नि:स्वार्थ होता है। आखिर सत्य की ही विजय होती है।

प्रश्न :-

i. दोनों स्त्रियों का स्वभाव कैसा था? (2)

ii. मौका पाकर नि:संतान स्त्री ने क्या किया? (1)

iii. नि:संतान स्त्री ने बच्चे के बारे में क्या कहा? (1)

iv. न्यायाधीश ने सिपाही को क्या आज्ञा दी? (1)

v. न्यायाधीश का फैसला सुनकर असली माँ ने क्या किया? (1)

vi. इस गद्यांश से आपने क्या सीख ली? (1)

18

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- [18]

i. निम्नलिखित शब्दों के २ - २ पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

1. शेर  2. पानी

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. आयात  2. स्तुति

iii. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

1. जिसे गुप्त रखा जाए -  2. नगर में रहनेवाला -

iv. भाववाचक संज्ञा लिखिए :- (1)

1. बचना -  2. धोना -

v. विशेषण शब्द लिखिए :- (1)

1. नोक -  2. धर्म -

vi. लिंग बदलिए :- (1)

1. बिलाव -  2. युवक -

vii. वचन बदलिए :- (1)

1. गौ -  2. बिटिया -

viii. निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखिए :- (1)

1. जाको राखे साइयाँ मार सके नहिं कोय ।

ix. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (3)
(कोई २)

1. मुँह में पानी भर आना -
2. छक्के छुड़ाना -
3. आसमान सिर पर उठाना -

x. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- (6)

i. घर के आगे उपवन है ।
( अव्यय पहचानकर भेद लिखिए )

ii. मोहन और सोहन प्रतिदिन खेलने जाते हैं ।
(अव्यय पहचानकर भेद लिखिए )

iii. अरे ! इधर तो आना ।
(अव्यय पहचानकर भेद लिखिए )

iv. तुम्हारे शरीर के अंदर शक्ति है ।
( वाक्य शुद्ध कीजिए )

v. वह पढ़ रहा था ।
( भविष्यत् काल में बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए )

vi. वर्ण को .............. और .............. भी कहा जाता है ।
( रिक्त स्थान में अनेकार्थी शब्द लिखिए )

## विभाग - ब

### साहित्य - विभाग ( गद्य - विभाग ) (अंक-40)

प्रश्न 5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. अपने माँ - बाप को जंगल में छोड़ आने के बाद ग्रामवासियों का क्या हाल हुआ ?

ii. भोजन से संबंधित शिष्टाचार लिखिए ।

iii. समद कौन था ? उसने हज पर जाने के लिए क्या किया ? उसने सराय के लोगों को अपनी हज - यात्रा का यकीन दिलाने के लिए क्या किया ?

iv. जलियाँवाला बाग की घटना पर टिप्पणी लिखो ।

18

प्रश्न 6) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए :- (4)

i. मनुष्य पशुओं से किस प्रकार श्रेष्ठ है ?

ii. समद किसके साथ कहाँ पहुँचा ?

iii. प्रदीप और भुवन के व्यवहार में क्या अंतर है ?

iv. राजाद्वारा दी गई शर्तें किसकी मदद से पूरी की गई ?

प्रश्न 7) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. जापान के .................. नामक राज्य में एक बहुत .................. राजा रहता था।

ii. आज हमें भी महसूस हो रहा है कि .................. दुखियारों की सेवा ही .................. की सच्ची सेवा है।

iii. प्रारंभ में चंद्रशेखर .................. पढ़ने के लिए .................. भेजे गए।

प्रश्न 8) अ) निम्नलिखित वाक्य किसने - किससे कहा लिखिए :- (3)

i. " तुम्हारा घर कहाँ है ? "

ii. " जल्दी उठो, बाहर मेरा ऊँट खड़ा है। "

iii. " मैंने बहुत बड़ी गलती की। "

ब) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. संकेत
2. उपचार
3. व्यवहार
4. अनुमान
5. तीरादारी (तीमारदारी)
6. पंगत

कविता - विभाग

प्रश्न 9) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- [5]

i. सारसद्वारा बाघ से इनाम माँगने पर बाघ ने क्या कहा ? (2)

ii. तिनका गिरने और ऐंठ भागने में क्या संबंध है ? (2)



पलटकर देखिए

iii. अंत में सारस अपनी किसम्त को क्यों रोया ? (1)

प्रश्न 10) अ) निम्नलिखित दोहों का संदर्भसहित भावार्थ लिखिए :- (2 + 3)

एक बाघ के गले बीच अटका हड्डी का टुकड़ा ।
उस जंगल में हाय, सुनाए किसको अपना दुखड़ा ।
रोते - रोते नदी किनारे पहुँचा वह बेचारा ।
शायद पानी पीने से कुछ मन को मिले सहारा ।
देख बाघ को दुखी, एक सारस कुछ बोला ऐसे -
" वन के राजा, हालचाल हैं आज आपके कैसे ? "

ब) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (2)

जब ....................................
..........................................
..........................................
.............................. तेरे लिए ।

क) शब्दार्थ लिखिए - (3)

1. ढब 2. लोभी
3. मुंडेरे 4. किस्मत
5. ताने 6. दुखड़ा

----------------- स मा प्त -----------------